आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ23(80)(2)/लेखा/आकाशि/का.बा.भी.मे.छा.स्कू./2023–24/7017 दिनांकः– 18.8.23

समस्त प्राचार्य/जिला नोडल अधिकारी
राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान

विषयः– विभाग द्वारा संचालित स्कूटी योजना के ऑनलाईन आवेदन पत्रों में 10वीं /12वीं कक्षा की मार्कशीट Upload Attachement में किये गये संशोधन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा संचालित कालीबाई भील मेधावी .छात्रा स्कूटी योजना एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 के ऑनलाईन आवेदन करने की प्रकिया .को सरलीकरण करते हुए 10वीं /12वीं कक्षा की मार्कशीट अपलोड करने में निम्न संशोधन किया गया है जो कि निम्नानुसार हैः–

1. यदि आवेदन करने वाली छात्रा RBSE बोर्ड से है एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र में **विद्यार्थी का नाम बेमेल** (Student Name mismatch) के सामने NO /YES (लाल कलर) अंकित है तो जांचकर्ता को आवेदन पत्र में मार्कशीट नजर नहीं आयेगी।

   (i) **विद्यार्थी का नाम बेमेल** – "No" अर्थात छात्रा का आवेदन पत्र में अंकित स्वंय का नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम मार्कशीट में अंकित उक्त नाम से मिलान सही पाया गया है और छात्रा की 10वीं/12वीं कक्षा की अंकतालिका नजर नहीं आयेगी।

   (ii) **विद्यार्थी का नाम बेमेल** – "YES" (लाल कलर) अर्थात छात्रा का आवेदन पत्र में अंकित स्वंय का नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम मार्कशीट में अंकित उक्त नाम से पूर्ण मिलान नहीं हुआ है लेकिन छात्रा की 10वीं /12वीं कक्षा की अंकतालिका नजर नहीं आयेगी। यहां जाँचकर्ता आवेदन पत्र में अंकित नाम (आधार से Fetch) एवं 10वीं /12वीं कक्षा की अंकतालिका के Fetch data के आधार पर अंकित नाम का पुनः मिलान करेगें। यदि नाम का मिलान बिलकुल भी नहीं होता है तो जाँचकर्ता द्वारा उक्त सन्दर्भ में आक्षेप लगाया जायेगा।

2. यदि आवेदन करने वाली छात्रा CBSE बोर्ड से है तो ऑनलाईन आवेदन पत्र में छात्रा की 10वीं /12वीं कक्षा की अंकतालिका का Attachement दिखाई देगा और आवेदन पत्र जांचकर्ता द्वारा छात्रा की मार्कशीट के आधार पर अंकित किये गये छात्रा का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, प्राप्तांक एवं प्रतिशत का मिलान करना होगा।

गरिमा लाटा
संयुक्त निदेशक
कॉलेज शिक्षा राज.जयपुर

क्रमांक एफ23(80)(2)/लेखा/आकाशि/का.बा.भी.मे.छा.स्कू./2023–24/7018-19 दिनांकः– 18-8.23

प्रतिलिपि :–1 निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर।
2 प्रभारी, वेबसाइट को अपलोड हेतु

संयुक्त निदेशक
कॉलेज शिक्षा राज.जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Garima Lata
Designation: Joint Director
Date: 2023.08.18 17:40:01 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4549684

Scanned with CamScanner